अमर उजाला २५/११/२०२५

अनुसंधान क्रियाविधि पर लगाई कार्यशाला

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में अनुसंधान क्रियाविधि पर दो दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। यह आयोजन कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के नेतृत्व में किया गया। कार्यशाला के प्रथम दिन का विषय प्रेजेंटेशन रहा। समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. मनदीप कौर ने कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को विषय से संबंधित जानकारी दी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को अपने सभी विषयों में डिजिटल प्रेजेंटेशन का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। लर्निंग सत्र के बाद सभी विद्यार्थियों ने योग के महत्व पर बेहतरीन प्रेजेंटेशन बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम के संचालन में डॉ. सरोज, प्रो. शिवानी निझावन, प्रो. सृष्टि कपूर, प्रो. अर्चना जैन ने अपना अहम योगदान दिया। इस कार्यक्रम में सीआरसी यूनिट के सभी सदस्य विशेष रूप से मौजूद रहे। संवाद